कार्यालय प्रधानाचार्य, लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कालेज, मेरठ।

संख्याः—ई0सी0—1/2026/4518 दिनांक 15—06—2026

संविदा के आधार पर सेवा योजन हेतु विज्ञप्ति

उ0प्र0शासन के आदेश संख्याः—1/868657/2025/71—1005(001)/20/2021पार्ट—1 लखनऊःदिनांक 03/02/2025 एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पृष्ठांकनः—एम0ई0—1/2025/426 लखनऊःदिनांक 11 फरवरी, 2025 के क्रम में नर्सिग कालेज के विभिन्न शैक्षणिक श्रेणीयों(प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं ट्यूटर) के रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु साक्षात्कार आवेदन पत्र एतद्द्वारा आमन्त्रित किये जाते हैं। इन पदों पर चयन ''वाक—इन—इन्टरव्यू''(Walk-in-interviw) पद्धति से नियुक्ति हेतु चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती हैं कि वह अपने आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण—पत्रों की छायाप्रति संलग्न कर दिनांक 29.06.2026 तक सांय 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे, उक्त दिनांक के उपरान्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा एवं नियुक्ति हेतु दिनांक 01.07.2026 को साक्षात्कार ''वाक—इन—इन्टरव्यू'' (Walk-in-interviw) आहुत किया जायेगा। उक्त दिनांक के साक्षात्कार में रिक्त शैक्षणिक श्रेणीयों के पदों पर साक्षात्कार माह के प्रत्येक बुधवार(राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे के मध्य अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ कार्यालय प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, मेरठ में उपस्थित हो। रिक्त पदों की संख्या नीचे तालिका में दी जा रही हैं। अभ्यार्थियों को यह भी सूचित किया जाता हैं कि वह साक्षात्कार के दिवस को अपने समस्त शैक्षिक/अनुभव प्रमाण पत्रों/शोध पत्रों की (स्वःप्रमाणित) छायाप्रतियों का एक सेट बायोडाटा सहित लायेगे।

प्रधानाचार्य, कालेज ऑफ नर्सिग, मेडिकल कालेज, मेरठ के द्वारा उपलब्ध कराये गये रिक्त पदों की सूचना के उपरान्त रिक्त पदों का विवरण निम्नवत हैं:—

क्र.सं.	विशिष्टता	श्रेणी			
		UR	OBC	SC	EWS
1	एसोसिएट प्रोफेसर	01	—	01	—
2	असिस्टेन्ट प्रोफेसर	01	01	01	—
3	ट्यूटर	03	—	01	—
	कुल	05	01	03	—

उक्त पदो पर नियमानुसार आरक्षण लागू होगा।

संविदा पर नियुक्ति की शर्ते निम्नवत हैः—

1. शासनादेश संख्याः—57/2022/1/156557/2022/71—1005(001)/20/2021 लखनऊःदिनांक 15 अप्रैल, 2022 में प्राविधानित के अन्तर्गत संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले प्रिसिपल कम प्रोफेसर, वाईस प्रिसिपल कम प्रोफेसर, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं टयूटर का मानदेय(प्रिसिपल कम प्रोफेसर—1,40,000/—, वाईस प्रिसिपल कम प्रोफेसर—1,20,000/—,प्रोफेसर—1,00,000/—, एसोसिएट प्रोफेसर—80,000/—, असिस्टेन्ट प्रोफेसर—70,000/— एवं टयूटर—45,000/—) एवं निर्धारित शैक्षिक अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक हैं।
2. इस हेतु आवेदक को आई0एन0सी0 के द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक हैं।
3. उक्त नियत वेतन के अतिरिक्त संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों को अन्य किसी प्रकार के वेतन/भत्ते एवं सेवागत लाभ अनुमन्य नही होगे।
4. संविदा पर नियुक्त शिक्षकों की सेवाएँ लोक सेवा आयोग से सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित शिक्षकों के उपलब्ध होने पर तत्काल समाप्त हो जायेगी एवं सेवा सन्तोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर भी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।
5. ऐसे शिक्षकों का संविदा कार्यकाल एक वर्ष का होगा। एक वर्ष उपरान्त सेवा स्वतः समाप्त मानी जायेगी।
6. संविदा पर नियुक्त शिक्षकों के लिए यह आवश्यक होगा कि वह नियुक्ति होने के 07 दिन के अन्दर अपना कार्यभार ग्रहण कर लें। उक्त कालावधि में कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में संविदा स्वतः रद्द मानी जायेगी। संविदा पर नियुक्त ऐसे शिक्षकों के कार्यभार ग्रहण की सूचना अधोहस्ताक्षरी को भेजी जाऐगी।
7. संविदा पर नियुक्त शिक्षक संविदा कालावधि के लिऐ किसी प्रकार के पेंशन संबंधी सुविधाओं का हकदार नही होगा। उसे ऐसे कालावधि के लिए कोई बोनस देय नही होगा।
8. शिक्षकों शासकीय सेवा में विनियमितीकरण के लिए हकदार नही होगा।
9. संविदा आधारित नियुक्ति किसी भी एक पक्ष द्वारा और किसी भी समय एक माह पूर्व की सूचना पर या एक माह का संविदा वेतन भुगतान करके समाप्त की जा सकती हैं।
10. अभ्यर्थी की इस शैक्षिक वर्ष में आई0एन0सी0 के किसी भी निरीक्षण में इस कालेज के अतिरिक्त गणना न की गयी हो।
11. इस संस्था के नर्सिग कालेज में पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को साक्षात्कार में वरीयता प्रदान की जायेगी।

प्रधानाचार्य,
ला0ला0रा0स्मा0मेडिकल कालेज,
मेरठ।

संख्याः—ई0सी0—1/2026/4518

तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1—प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, अनुभाग—1, उ0प्र0शासन, लखनऊ।

2—महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय की वेवसाईट पर अपलोड करादेवे।

3—प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, मेडिकल कालेज, मेरठ इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त विज्ञप्ति को मेडिकल कालेज, मेरठ की वेवसाईट पर अविलम्ब अपलोड करादेवे।

4—सूचना पट।

प्रधानाचार्य,
ला0ला0रा0स्मा0मेडिकल कालेज,
मेरठ।